http://www.sgbauonline.com/



# M.A. Part–II Semester–III Examination
## HINDI
## (Adhunik Kavaya)
## Paper–I

समय : 3 घंटे] [पूर्णांक : 80

1. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं दो की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 2×8=16

(1) होता सुख का क्या मूल्य, जो न दुःख रहता ?
प्रिय-हृदय सदय हो तपस्ताप क्यों सहता ?
मेरे नयनों से नीर न यदि यह बहता,
तो शुष्क प्रेम की बात कौन फिर कहता ।
रह दुःख! प्रेम परमार्थ दया मैं लाऊँ ।
कह मुक्ति, भला, किसलिए तुझे मैं पाऊँ ?

(2) यह आज समझ तो पायी हूँ
मैं दुर्बलता में नारी हूँ,
अवयव की सुन्दर कोमलता
लेकर मैं सब से हारी हूँ ।
पर मन भी क्यों इतना ढीला
अपने ही होता जाता है ?
घनश्याम खंड सी आंखों में
क्यों सहसा जल भर आता है !

(3) "अबे, सुन बे, गुलाब,
भूल मत जो पायी खुशबू, रंगोंआब,
खून चूसा ख्वाद का तूने अशिष्ट
डाल पर इतराता है केपीटलिस्ट !
कितनों को तुने बनाया है गुलाम,
माली कर रक्खा, सहाया जाड़ा-धाम,
हाथ जिसके तू लगा,
पैर सर रखकर व पीछे को भगा
औरत की जानिब मैदान यह छोड़कर,
तबेले को टट्टू जैसे तोड़कर,
शाहों, राजों, अमीरों का रहा प्यारा
तभी साधारणों से तू रहा न्यारा ।



http://www.sgbauonline.com/

http://www.sgbauonline.com/

(4) नीरव सन्ध्या में प्रशान्त
   डूबा है सारा ग्राम प्रान्त !
   पत्रों के आनत अधरों पर सो गया निखिल वन का मर्मर
      ज्यों वीणा के तारों में स्वर !
   खग कूजन भी हो रहा लीन निर्जन गोपथ अब धूलिहीन, धूसर भुजंग-सा जिह्म क्षीण !
   झींगुर के स्वर का प्रखर तीर केवल प्रशान्ति को रहा चीर, सन्ध्या प्रशान्ति को कर गंभीर !

2. निम्नलिखित दीर्घोत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : 2×16=32

(1) 'यशोधरा' का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए ।

(2) 'कामायनी' के आधुनिक बोध की मीमांसा कीजिए ।

(3) 'सरोज स्मृति' में निराला की अन्तर्व्यथा व्यंजित हुई है, स्पष्ट कीजिए ।

(4) 'सुमित्रानंदन पंत प्रकृति के सुकुमार कवि हैं ।' इस कथन की पुष्टि कीजिए ।

3. निम्नलिखित लघूत्तरी प्रश्नों में से किसी **चार** के उत्तर लिखिए : 4×4=16

(1) श्रीधर पाठक नवीनता के आग्रही कवि है । स्पष्ट कीजिए ।

(2) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' की 'प्रिय प्रवास' की विवेचना कीजिए ।

(3) जगन्नाथ दास रत्नाकर के काव्य में निहित आधुनिक बोध को स्पष्ट कीजिए ।

(4) हरिवंशराय बच्चन काव्य का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

(5) केदारनाथ सिंह के काव्य में निहित सामाजिक यथार्थ का निरूपण कीजिए ।

(6) गिरिजाकुमार माथुर की व्यक्तिवादी चेतना की समीक्षा कीजिए ।

4. निम्नलिखित अतिलघूत्तरी/वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दिये गये निर्देश के अनुसार लिखिए । 16×1=16

(1) 'हरिऔध' का मूल नाम क्या है ?

(सूर्यकांत त्रिपाठी, अयोध्यासिंह उपाध्याय, शिवमंगल सिंह)

(2) 'प्रिय प्रवास' की नायिका का नाम .............. है ।

(राधा, सीता, यशोधरा)

(3) 'इड़ा' कामायनी का पात्र है ।

(सत्य/असत्य)

(4) 'यशोधरा' सिद्धार्थ की पत्नी नहीं है ।

(सत्य/असत्य)

(5) 'सरोज स्मृति' के रचनाकार कौन है ?

(6) 'कुकुरमुत्ता' किस वर्ग का प्रतीक है ?

(7) श्रीधर पाठक स्वच्छंदतावाद के कवि हैं ।

(सत्य/असत्य)

(8) सुमित्रानंदन पंत जी का जन्मस्थान .............. है ।

(अल्मोड़ा, कौसानी, श्रीनगर)

(9) गिरिजाकुमार माथुर के किसी एक काव्य संग्रह का नाम लिखिए ।

(10) 'कामायनी' का प्रकाशन वर्ष है ..............

(1935, 1937, 1938)



http://www.sgbauonline.com/

http://www.sgbauonline.com/

(11) जयशंकर प्रसाद का जन्म कौन से स्थान पर हुआ ?

(वाराणसी, अल्मोडा, बिहार)

(12) जगन्नाथ दास रत्नाकर की किसी एक काव्य कृति का नाम बताइए ।

(13) हिम गिरि के उत्तुंग शिखर पर, बैठ शिला की शीतल छाँह' यह पंक्तियाँ किस सर्ग की है ?

(चिंता, इड़ा, मनु)

(14) हरिवंशराय बच्चन की प्रथम हालावादी कृति का काम ................ है ।

(मधुमंजरी, मौन निमंत्रण, मधुशाला)

(15) 'धूप के धान' कौन से कवि की रचना है ?

(गिरिजाकुमार माथुर, शकुंतला माथुर, अज्ञेय)

(16) 'एक तारा' किस कवि की रचना है ?

(पंत, निराला, महादेवी वर्मा)



http://www.sgbauonline.com/

http://www.sgbauonline.com/

http://www.sgbauonline.com/